राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

कोर्स रिपोर्ट

"साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर"

Date 31-01-2022 to 04-02-2022, Course No. 6, Under CCPWC Project

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार मिनिस्ट्री ऑफ हॉम अफेयर्स द्वारा प्रायोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम के तहत "साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर" विषय पर दिनांक 31-01-2022 से 04-02-2022 तक 5 दिवसीय कोर्स आयोजित किया गया।

मुझ कोर्स निदेशक संदीप सारस्वत, उप अधीक्षक पुलिस, आरपीए, जयपुर तथा सहायक कोर्स निदेशक श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा कोर्स का सफल आयेजन करवाया गया। इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 24 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें 4 पुलिस निरीक्षक तथा 20 उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी शामिल हुए।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री रेवन्त दान, सहायक निदेशक (इण्डोर), राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा किया गया। श्रीमान् द्वारा उदबोधन में साइबर क्राइम के बढते अपराधों तथा उनके रोकथाम व जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण पूर्व सभी प्रतिभागियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही ऑनलाईन प्री कोर्स मूल्यांकन परीक्षा ली गयी।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आरंभ मुझ कोर्स निदेशक द्वारा किया गया जिसमें साइबर अपराधों के बारे में बताया गया। इसी दिन श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा आईपी, वेबसाईट व ईमेल अनुसंधान विषय पर जानकारी साझा की गयी। बाद दोपहर श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय पर घटना स्थल के सुरक्षित करने, निरीक्षण व तैयार किये जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी गयी।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिन प्रथम सत्र में श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा ही क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय मे ही घटना स्थल पर तलाशी पूर्व की तैयारीयों व आवश्यक फोरेन्सिक संसाधनों की जानकारी भी दी गयी। द्वितय सत्र में श्री सतपाल यादव, पुलिस निरीक्षक, जयपुर आयुक्तालय द्वारा क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय मे धटना स्थल की तलाशी, जब्ती व दस्तावेजों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी दिन बाद दोपहर श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा सूचनाएं एकत्र करने के संबंध में जानकारी साझा की गयी।

तृतीय दिवस प्रथम सत्र की शुरूआत श्री शेखर सिंह, इन्वेस्टीगेटर बैंकिग फ्रॉड द्वारा की जाकर वित्तीय अपराधों में वित्तीय धोखाधड़ी विषय पर अध्यापन करवाया गया तथा बाद दोपहर द्वितय सत्र में श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा मोबाईल फोन, सेटेलाईट फोन, जीपीएस डिवाईस आधारित अनुसंधान, फोन व सिम कार्ड तलाशी व जब्ती में रखी जाने वाली सावधानियॉ व जीपीआरएस लॉग्स विषय पर जानकारी दी गयी। इसी दिन बाद दोपहर श्री महेन्द्र, पुलिस निरीक्षक, सीआईडी(सीबी), जयपुर द्वारा की गयी जिसमें मोबाईल फोन, सेटेलाईट फोन, जीपीएस डिवाईस आधारित अनुसंधान, फोन व सिम कार्ड तलाशी व जब्ती में रखी जाने वाली सावधानियॉ व जीपीआरएस लॉग्स विषय पर जानकारी दी गयी।

प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र की शुरूआत श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा सोशल मिडिया अपराधों के अनुसंधान व केस स्टडी की जानकारी साझा की गयी साथ ही साइबर क्राइम विशेष रूप से महिलाओं व बच्चों के विरूद्ध होने वाले साइबर अपराधों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। द्वितय सत्र में श्री आर.एस. शर्मा, अतिरिक्त निदेशक, एफएसएल (सेवानिवृत) द्वारा सीन ऑफ क्राइम मेनेजमेंट विषय पर सिमुलेशन एक्सरसाईज व ग्रुप डिस्कशन करवाया गया। अतिंम सत्र में श्री पुष्पेन्द्र सिंह, उप अधीक्षक पुलिस, पुलिस मुख्यालय, जयपुर द्वारा देश से बाहर बैठकर किये जाने वाले साइबर अपराधों का कैसे अनुसंधान किया जाना है के बारे में जानकारी साझा की गयी।

अतिंम दिवस प्रथम सत्र मुझ कोर्स निदेशक द्वारा साइबर कानून विषय की जानकारी दी गयी तत्पश्चात श्री नन्दलाल पुलिस निरीक्षक, आयुक्तालय जयपुर साइबर अपराधों के अनुसंधान में आ रही चुनौतियों से कैसे निपटा जाये विषय पर जानकारी दी गयी। बाद दोपहर श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा सिमूलेशन एक्सरसाइज करवाई गई। समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया जाकर प्रशिक्षणोपरान्त सभी की पोस्ट प्रशिक्षण मूल्यांकन परीक्षा भी ली गयी। सम्पूर्ण कोर्स में प्रतिभागियों को Hands on excerise भी करवाई गई। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षणोपरान्त एक पेन ड्राईव में प्रशिक्षण के दौरान पढाया गया तथा एमएचए द्वारा उपल्बध करवाया गया प्रशिक्षण अध्ययन सामग्री प्रतिभागियों को उपलब्ध करवायी गयी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस दिनांक 04-02-2022 को 04.45 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन-समारोह अकादमी स्थित, सीसीपीडब्ल्यूसी लैब में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री भुपेन्द्र यादव, सहायक निदेशक (प्रशासन), आरपीए द्वारा समापन उद्बोधन दिया जाकर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में मुझ कोर्स निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि व कोर्स के संचालन में सहभागियों एवं सम्पूर्ण प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।

भवदीय,

(संदीप सारस्वत)
उप अधीक्षक पुलिस एवं
कोर्स निदेशक, (CCPWC)
आर.पी.ए. जयपुर